NAREDCO
MAHARASHTRA

MINEPRO
COMMUNICATIONS
new-age image & reputation curators

नवभारत

# 5 वर्ष में बनेंगे 50 नए एयरपोर्ट

■ **दिल्ली, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि भारत का लक्ष्य अगले पांच वर्ष में 50 और हवाई अड्डे बनाने का है जिससे देश के रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए बड़े अवसर उत्पन्न होंगे. मंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे रियल एस्टेट क्षेत्र की आधार होता है. विमानन सुरक्षा से समझौता किए बिना हवाई अड्डों के आसपास इमारतों की ऊंचाई से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए वह सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं. नायडू ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में शामिल है और वर्तमान में देश में 165 चालू हवाई अड्डे हैं. औसतन हर 33 दिन में एक नया हवाई अड्डा या नया टर्मिनल तैयार किया जा रहा है. रियल एस्टेट उद्योग निकाय 'नारेडको' द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'राष्ट्रीय शहरी एवं रियल एस्टेट विकास सम्मेलन' 2026 में मंत्री ने यह बात कही.



रियल एस्टेट सेक्टर में आएगा बूम : नायडू